21.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

प्रधानमंत्री–आईएनएस विक्रांत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हमारा लक्ष्य भारत को दुनिया के शीर्ष रक्षा निर्यातकों में से एक बनाना है। प्रधानमंत्री  ने कहा कि भारत तीनों सशस्त्र बलों के लिए हथियारों और उपकरणों के निर्यात की क्षमता का निर्माण कर रहा है। प्रधानमंत्री ने गोवा और कारवार तट पर आईएनएस विक्रांत पर सवार भारतीय नौसेना के जवानों के साथ दिवाली मनाते हुए उन्हें संबोधित किया। मोदी ने कहा कि एक दशक में भारत का रक्षा निर्यात 30 गुना से अधिक बढ़ गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आईएनएस विक्रांत आज आत्मनिर्भर भारत और मेड इन इंडिया के एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में खड़ा है।

आगजनी

दीपावली का पर्व कल देश सहित प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दीपावली पर मंदिरों, घरों और सार्वजनिक स्थानों को दीपों व रंगीन रोशनी से सजाया गया था। दीपावली पर्व को लेकर हर आयु वर्ग के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस बीच प्रदेश के कई स्थानों से आगजनी की घटना भी सामने आई है। इसके तहत कुल्लू ज़िला की मणिकर्ण घाटी के कसोल में बीती रात निजी होटल में आगजनी की घटना में एक कमरा जलकर राख हो गया। घटना में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है परंतु कमरे का सारा फर्नीचर व अन्य सामान नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग के कर्मी मौके पर पहुँचे तथा आग पर काबू पाया गया। इधर अग्निशमन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शिमला के बनूटी में बीती रात तीन दुकानें जलकर राख हो गई। इसमें लगभग 20 लाख तक का नुक्सान आंका गया है। दमकल विभाग ने साथ लगते मकान व अन्य दुकानों को बचा लिया है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

धामी–पत्थर मेला

शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के धामी के हलोग में दिवाली के दूसरे दिन सदियों से चली आ रही पत्थर के खेल की अनोखी परंपरा को आज पूरे उत्साह और जोश से मनाया जाएगा।

*शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के हलोग धामी में दिवाली के दूसरे रोज सदियों से चली आ रही पत्थर के खेल की अनोखी परंपरा को आज भी पूरे उत्साह और जोश से निभाया जाएगा। दिवाली के दूसरे दिन 2 अलग–अलग परगना एरिया के लोग एक.दूसरे पर पत्थरों की बरसात करते हैं। यह सिलसिला तब तक चलता है जब तक किसी पक्ष के किसी एक व्यक्ति का रक्त नहीं निकल जाता है। चोट लगने पर व्यक्ति के खून को मां भद्रकाली के चबूतरे पर लगाया जाता है और खेल का समापन होता है। इस मेले में धामी में राज परिवार की तरफ से तुनड़ूए जठौती और कटेड़ू परिवार की टोली और दूसरी ओर से जमोगी खानदान की टोली के सदस्य पत्थर बरसाते हैं। अन्य लोग पत्थर मेले को देख सकते हैं, लेकिन वे पत्थर नहीं मार सकते।*

*माना जाता है कि पहले यहां हर वर्ष भद्रकाली को नर बलि दी जाती थी लेकिन धामी रियासत की रानी ने सती होने से पहले नर बलि को बंद करने का हुक्म दिया था। इसके बाद पशु बलि शुरू हुई कई दशक पहले इसे भी बंद कर दिया गया। तत्पश्चात पत्थर का मेला शुरू किया गया।*

जीएसटी स्टेशनरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी द्वारा घोषित जी एस टी बचत उत्सव की 22 सितंबर से शुरूआत हो चुकी है। इससे समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंच रहा है। आज पेश है किस तरह स्टेशनरी के सामान पर जीएसटी की कटौती से आम लोगों कोए खासतौर पर विद्यार्थियों कों मदद मिल रही है।

जीएसटी

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी सुधारों को फायदेमंद बताया है। जनजातीय जिले किन्नौर की पांगी निवासी व व्यापारी हिरपाल नेगी ने केंद्र सरकार द्वारा जी एस टी पर दी गई रियायत का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि त्यौहारी सीजन में इस रियायत का खास असर देखने को मिल रहा है।

*मैं केंद्र सरकार का बहुत–बहुत धन्यवाद करता हूं जो इन्होंने जीएसटी के हमारे हिमाचल व इंडिया के लोगों को राहत दी है उसके लिए मैं तह दिल से केंद्र सरकार को बहुत धन्यवाद करता हूं और जो हमारे जिला किन्नौर व चाहे कहीं भी हो हमार दुकानदारों को जब से जीएसटी कम हुआ है उसके बाद हमे इतनी सुविधा हो गई कि हमारी शॉप में अधिक लोग आ रहे हैं वह यह कह रहे हैं कि केंद्र सरकार ने जो आपको जीएसटी में राहत दिया है उससे हमे भी फायदा है तो मैं यह कहना चाहतां हूं कि आपने जो हमारे लिए किया है उसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद। हमारे यहां जो भी ग्राहक आते हैं वह बहुत खुश होकर जाते हैं।*